रणजीत टाइम्स
इंदौर
बुधवार , 9 जुलाई , 2025
वर्ष 01 | अंक 172 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# मजदूर की मौत पर बावाल

## मुआवजे को लेकर अड़े दलित नेता

## चन्दन नगर पुलिस ने मध्यस्ता कर निभाई समन्वय की भूमिका

आदित्य शर्मा- 8224951278

इंदौर

### मृतक की पत्नी को मुआवजे बतौर दिलाए 1200000 बारह लाख रुप दलित नेता ने दी थी चक्काजाम की चेतावनी इंदौर चंदन नगर रोड पर स्थित जिला अस्पताल में ठेकेदार की लापरवाही से हुई थी आदिवासी मजदूर की मौत बांग्लादेशी ठेकेदार मौके से फरार सूत्रों के अनुसार 40 से अधिक मजदूर रोहिंग्या मुस्लिम है दलित नेता द्वारा इनके दस्तावेज की जांच की मांग की गई





इंदौर। घटना कल शाम 5:00 की बताई जा रही है मृतक संतोष की पत्नी का कहना है की संतोष तगाड़ी उठाने का का काम करता था आज शाम को एक घंटे पहले हमने काम छोड़ने का बोला बांग्लादेशी ठेकेदार इंताजुल अली सुपरवाइजर ने जोर जबरदस्ती करके संतोष को ऊपर जाने के लिए कहा लिफ्ट रूम से रेती निकालने के लिए कहा गया , जब संतोष ने मना किया में लाइट का काम नहीं जानता हूं और ना ही मैं कर सकता हूं , तो ठेकेदार इंतजुल अली और सुपरवाइजर ने कहा कि तू चल ऊपर मैं तुझे सिखा दूंगा जबकि लिफ्ट 2 दिन से खराब थी, आज ही सुबह चालू की गई जब ठेकेदार इंताजुल अली और सुपरवाइजर ने ज्यादा जोर जबरदस्ती की तो संतोष ऊपर चला गया और वहां उसकी करंट लगने से मौत हो गई

ठेकेदार इंताजुल अली और सुपरवाइजर के ऊपर संतोष की पत्नी ने आरोप लगाया है जिला अस्पताल में गुजरात (सूरत)की कंपनी ओम कंस्ट्रक्शन के द्वारा काफी समय से काम चल रहा है बहुत सी जगह लापरवाही भी देखने को मिली है कि किस तरह से यह मजदूर से लापरवाही से काम करवाते हैं, जब वहां के प्रोजेक्ट मैनेजर मुकेश पटेल और शर्मित ठेसिया से बात की तो मैनेजर ने अपना पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि यह ठेका हमने पश्चिम बंगाल के इंलतूजा नामक व्यक्ति को ठेका दिया है।



आज मृतक मजदूर के परिजनों को राहत राशि ( मुआवजे के 25 लाख रुपए ) की मांग को लेकर अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने मजदूर संतोष वास्केल के शव को लेकर चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी । जिससे हरकत में आई चंदन नगर पुलिस ने ताबड़तोड़ ओम कंस्ट्रक्शन के जिम्मेदार अधिकारी मुकेश पटेल और शर्मित ठेसिया से बात कर दोनों के बीच समन्वय की भूमिका बनाई और पीड़ित परिवार को 200000 दो लाख रुपए नगद एवं 1000000 दस लाख रुपए लेबर इंश्योरेंस के तहत देने का नोटराइज एग्रीमेंट किया ।। यदि किसी कारणवश इंश्योरेंस स्वीकृत नहीं होता है तो कम्पनी स्व व्यय से 10 लाख रुपए का भुगतान मृतक परिवार को करेगी ।। वहीं दलित नेता और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने ठेकेदार मिलथिया इंताजुल अली जो कि मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। कल रात वह घटना स्थल से भाग गया था। इसके अंडर में लगभग 40 से अधिक मजदूर जो कि रोहिंग्या मुस्लिम है। जिला अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहे हैं। उन सभी के दस्तावेजों की जांच करने की मांग की ।।

इस दौरान मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष दिनेश हिरवे गणेशराव मराठा गोलू चौधरी लखन देपाले सुनीता ठाकुर नर्मदा गुर्जर अश्विनी सिरसाट पायल विश्वकर्मा विशाल सारवन संदीप रायकवार जयराव मराठा रवि मालवीय निमाड़ प्रभारी संतोष अलोने लक्ष्मण खेड़े धर्मेन्द्र गुर्जर सोमबहादुर सोनी सुरेश भदोरिया पवन भावसार दिनेश कुलपारे राज परमार विकाश पटेल आशुतोष गिरनार रितेश परमार अमित चिनाल गौरव वानखेडे नवनीत यादव मनीष जैन सहित सैकड़ो की संख्या में अखिल भारतीय बलाई महासंघ के पदाधिकारी मौजूद थे ।।



# मातृत्व सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य को लेकर सांसद ने किया डॉ. बृजेश शर्मा को सम्मानित




**रणजीत टाइम्स**

पिछोर (शिवपुरी)गत दिवस कैंसर हॉस्पिटल ग्वालियर के शीतला साहय सभागार में जे.सी.आई ग्वालियर अस्पताल द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया! जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर सांसद भारतसिंह कुशवाहा द्वारा की गई, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह चौहान एवं कार्यक्रम के संयोजिक के रूप में कविता सोनी उपस्थित थी! कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में पदस्थ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बृजेश कुमार शर्मा को मातृत्व सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्वालियर सांसद भारतसिंह कुशवाहा द्वारा सम्मानित किया बता दें डॉक्टर शर्मा के द्वारा विगत 13 वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में लगभग 44000 सामान्य प्रसव तथा 1065 सिजेरियन प्रसव,1002 ब्लड ट्रांसफ्यूजन,28000 महिला नसबंदी (एलटीटी) 22000 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी लगभग 3800 एमपीपी का कार्य किया गया, डॉ शर्मा के सम्मानित होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी डॉक्टर संजय ऋसेश्वर,खंड चिकित्सा अधिकारी संजीव सांडे तथा समस्त चिकित्सा स्टाफ सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाइयां दी!

# पिछोर विधायक के पूर्व पीए महेश लोधी के पिता पर षड़यंत्र पूर्वक फ़साने के आरोप में जाँच की उठाई मांग

**एफआईआर निरस्त की मांग**

शिवपुरी। पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा 1 जुलाई को अपने निज सहायक महेश लोधी को हटाने के ठीक अगले दिन, 2 जुलाई को उसके पिता वीरसिंह लोधी पर मायापुर थाने में फर्जी नामांतरण का मामला दर्ज हुआ। आरोप था कि वीरसिंह लोधी के नाम आदिवासी परिवार की जमीन बिना वैध आदेश के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी गई थी। मामले की तहसीलदार जांच में खुलासा हुआ कि खनियाधाना तहसील के ग्राम लोहरछा में सर्वे नंबर सर्वे नंबर 15 (0.23 हेक्टेयर) की जमीन मूल रूप से आदिवासी सहखातेदार जिहान, रज्जू और मोतीलाल के नाम दर्ज थी, जो वर्ष 2024-25 के रिकार्ड में स्पष्ट है। मामले को लेकर पिछोर विधायक के पूर्व पीए महेश लोधी ने बाघरी गांव के सरपंच और पटवारी पर षड्यंत्र पूर्व एफआईआर कराने के आरोप लगाए हैं और एफआईआर निरस्त करने की मांग की हैं। महेश लोधी के अनुसार उनके गांव बघारी के सरपंच गिर्राज गुर्जर ने पटवारी की मिली भगत से 60 बीघा शासकीय भूमि को अपने नाम कर लिया था। जिसकी सूचना लिखित में तहसील कार्यालय में दी गई थी। इसी के षड़यंत्रपूर्वक सरपंच गिर्राज गुर्जर ने पटवारी की मिली भगत से 1 बीघा 3 बिस्वा जमीन दादा वीर सिंह लोधी के नाम कर दी। जिसकी हमें कोई भी जानकारी नहीं हैं और इसी को आधार बनाकर उन्होंने गांव के आदिवासियों से कलेक्टर को आवेदन दिलवाया जिसमें वह भी साफ नजर आ रहे हैं। इसी के चलते षडयंत्र पूर्वक एफआईआर कराई गई. जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग और एफआईआर निरस्त की मांग की हैं।



# विकासखंड स्तर पर बूथ लेवल

## अधिकारियों का छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



पिछोर (शिवपुरी) भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन कार्यालय मध्य प्रदेश के आदेशानुसार पिछोर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय के सभागार में बीएलओ का छैः दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया! प्रशिक्षण मंगलवार 8 जून को पिछोर अनुविभागीय एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिवदयाल धाकड़ के निर्देशन में यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया जो की यह लगातार 6 दिवस तक चलेगा जिसमें 50-50 बीएलओ के बैच बनाए गए हैं इन सभी को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा! मास्टर ट्रेनर के रूप में विकास भार्गव,आशीष साहू,हेमराज टेंगरें तथा नीरज साहू उपस्थित रहेंगे, तथा सभी बीएलओ को ट्रेनिंग के दौरान मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने,हटाने तथा संशोधन करने के लिए फॉर्म 6,7,8 कैसे भरा जाता है प्रोजेक्टर के द्वारा समझाया जायेगा! प्रशिक्षण के दौरान पिछोर तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी, निर्वाचन कार्यालय से अंकेश रजक, स्वराज भट्ट,शिवम पटसारिया आदि उपस्थित थे!

# धोबी घाट आरती के नारे पर मिली गर्दन काटने की धमकी, हिंदू संगठनों में आक्रोश

इंदौर। धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ रही कट्टरपंथी टिप्पणियों के बीच इंदौर के धोबी घाट में एक चिंताजनक घटना सामने आई है। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुमित हार्डिया द्वारा आयोजित महाआरती कार्यक्रम के दौरान लगाए गए नारे "हर हिंदू का नारा है, धोबी घाट हमारा है" पर एक मुस्लिम युवक ने भड़काऊ और आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गर्दन काटने और जान से मारने की धमकी दी। वीडियो पर कमेंट कर धमकी देने वाले युवक की पहचान सुफियान अंसारी के रूप में हुई है। इस गंभीर धमकी से आक्रोशित होकर बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता जूनी इंदौर थाना पहुंचे और संबंधित युवक के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है, वहीं हिंदू संगठनों ने इसे धार्मिक असहिष्णुता और कट्टरपंथी मानसिकता का उदाहरण बताया है।

सुमित हार्डिया ने कहा – "यह कोई सामान्य धमकी नहीं है, यह हर हिंदू की आस्था पर हमला है। क्या अब हम अपने धर्मस्थलों पर भी सुरक्षित नहीं हैं?" इस घटना ने एक बार फिर धार्मिक सहिष्णुता और सोशल मीडिया की निगरानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।






रणजीत टाइम्स



# खाद्य विभाग द्वारा पेट्रोल पंपों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही





## खाद्य विभाग द्वार अब तक की सबसे बड़ी करवायी

देवास कलेक्टर के आदेशानुसार खाद्य विभाग ने पेट्रोल पंपों की जांच पूरे जिले में करने हेतु कमर कसली है इसी के अंतरगत तहसीलदार बागली नीरज प्रजापति एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी बागली अभिषेक मोर के द्वार कृष्णा फ्यूल्स बामन खेड़ी एवं अरिहंत पेट्रोलियम पोलाय पर पूरे लाव लश्कर के साथ उपस्थित होकर सूक्ष्म जांच की गाई जिसमें अरिहंत पेट्रोलियम पोलाई के संचलक द्वार मोटर स्प्रिट एवं हाई स्पीड डीजल प्रदाय एवं वितरण विनियमन और अनाचार निवारण आदेश 2005 उल्लंघन के तहत 24035 लीटर डीजल जिसकी कुल कीमत 22 लाख 17 हजार 239 रुपए जब तक किआ गया यह जिले की अब तक की सबसे बड़ी कारवाई है कि गई मौका पर प्रकरण बनाकर कलेक्टर महोदाय देवास के समग्र अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेशीत किया गया अभिषेक मोर ने जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालन को सख्त निर्देश दिए हैं कि वितरण प्रक्रिया में सुधार करें नहीं तो सख्त कार्यवाही की जाएगी किसी भी उपभोक्ता को अनआवश्यक रूप से परेशानि का सामना न करना पड़े, उक्त कार्यवाही की सभी जगह प्रशंसा की जा रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर्व

गायत्री तीर्थ पर दिनांक 10 जुलाई 2025, गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। प्रातः 4:30 बजे से देव पूजन और आरती के पश्चात सब के उज्जवल भविष्य के लिए सामूहिक गायत्री महामंत्र का जप होगा। प्रातः 6:30 बजे से नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ और सभी संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। प्रातः 8:30 बजे से गुरु पूजन, दीक्षा और युग संगीत के साथ गुरु पर्व पर गोष्ठी होगी। कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसाद का कार्यक्रम भी रखा गया है। सभी परिजनों से निवेदन है कि उक्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होने की कृपा करें।

# आरएसएस और पीएम मोदी पर आपत्तिजनक कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट को बड़ा झटका: हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत की याचिका की खारिज, कहा- 'अभिव्यक्ति की आज़ादी की सीमाएं लांघी गईं'

» **इंदौर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक व्यंग्य चित्र बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इंदौर पीठ ने तीन जुलाई को मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि "पहली नजर में यह साफ है कि याचिकाकर्ता ने संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग किया है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया जाना आवश्यक है।" यह मामला तब सामने आया जब आरएसएस से जुड़े वकील विनय जोशी ने लसूड़िया थाने में मालवीय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया गया कि कार्टूनिस्ट ने अपने फेसबुक पेज और सोशल मीडिया अकाउंट्स पर ऐसे व्यंग्य चित्र, वीडियो, टिप्पणियां और पोस्ट साझा की हैं, जो न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस को लेकर आपत्तिजनक हैं, बल्कि भगवान शिव जैसे देवी-देवताओं पर भी अभद्र टिप्पणियां की गई हैं। इसके चलते न सिर्फ धार्मिक भावनाएं आहत हुईं बल्कि समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द को भी ठेस पहुंची है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की एकल पीठ ने स्पष्ट रूप से टिप्पणी की कि "याचिकाकर्ता ने अभिव्यक्ति की आज़ादी की सीमाएं लांघी हैं। विवादास्पद कार्टून, धार्मिक आस्थाओं और राष्ट्रीय नेताओं को लेकर जो सामग्री साझा की गई है, वह गंभीर प्रकृति की है और इसके पीछे कोई सामाजिक चेतना नहीं, बल्कि उकसाने का उद्देश्य प्रतीत होता है।" अदालत ने कहा कि कार्टूनिस्ट को इस तरह की सामग्री पोस्ट करने से पहले अपने विवेक और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए था। स्वतंत्रता का अर्थ अराजकता नहीं है और यह जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों की आड़ में समाज की शांति और धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ न करे। मालवीय के वकील ने दलील दी कि उन्हें राजनीतिक विद्वेष के तहत झूठे मामले में फंसाया गया है और यह उनके अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। हालांकि, कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि "यह सिर्फ एक राजनीतिक विरोध का मामला नहीं है, बल्कि एक गंभीर सामाजिक और कानूनी मुद्दा है, जिसकी तह तक जाने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है।" इस मामले ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की क्या सीमाएं होनी चाहिए और क्या कला और व्यंग्य के नाम पर धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय सम्मान को ठेस पहुंचाने की छूट दी जा सकती है।

## इंदौर में कोटे की आधी बारिश भी नहीं

मप्र में कई हिस्सों में जोरदार बारिश का दौर चल रहा है। कहीं-कहीं नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, लेकिन इंदौर संभाग में स्ट्रांग सिस्टम का अभी असर नहीं है। यहां स्ट्रॉन्ग सिस्टम का असर होने पर जोरदार बारिश होगी। पिछले 24 घंटों में धूप और बादलों का दौर चलता रहा, लेकिन रिमझिम भी नहीं हुई। खास बात यह कि इंदौर में कोटे की आधी बारिश तकरीबन 20 इंच जुलाई और अगस्त में हो जाती है। अबकी बार जुलाई पहला हफ्ता बीत चुका है और तीन-चार दिन तक तेज बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में खुटका है कि जुलाई में इंदौर तर नहीं हुआ तो फिर अगस्त-सितम्बर की बारिश पर ही निर्भर रहना होगा। मंगलवार सुबह से भी बादलों का दौर है।

# राजगढ़ में चातुर्मास हेतु जैन मुनियों का भव्य मंगल प्रवेश एवं ज्ञानाजंन चातुर्मास का आरंभ

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ I परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्यदेवेश श्रीमद्विजय हितेश चन्द्र सूरीश्वरजी महाराज साहब की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य मुनिराज श्री पुष्पेंद्र विजय जी महाराज साहेब, परम पूज्य मुनिराज श्री रूपेंद्र विजय जी महाराज साहब, एवं परम पूज्य मुनिराज श्री जितचन्द्र विजय जी महाराज साहब आदि ठाणा 3 का इस वर्ष का चातुर्मास गुरुदेव की पुण्य भूमि राजगढ़ नगर में आयोजित होने जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में, 07 जुलाई सोमवार को इस ज्ञानाजंन चातुर्मास हेतु मुनी मंडल का राजगढ़ नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। शिव वाटिका से मंगल प्रवेश आरंभ हुआ जो चबूतरा चौक ,मेनचौपाटी ,पुराना बस स्टैंड ,न्यू बस स्टैंड , चौपाटी ,तीन बत्ती चौराहा ,टॉकीज वाली गली होते हुए शोभा यात्रा का समापन राजेंद्र भवन पर हुआ ।

शोभायात्रा में प्रसिद्ध बैंड ,हाथी ,शहनाई वादक ,स्वर्ण शताब्दी रथ ,इंदौर के प्रसिद्ध ढोल ,मालवा का प्रसिद्ध आदिवासी नर्तकदल आदि



आकर्षण का केंद्र थे ।गुरुकुल के बच्चे आगे धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे एवं नगर की समस्त महिला मंडल भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी । रथ के आगे जैन परंपरा अनुसार गहुली का रथ चल रहा था जगह-जगह समाजजन गहुली कर रहे थे ।तीन हाथियों पर लाभार्थी परिवार गुरुदेव राजेंद्र सुरिश्वर जी महाराज साहब द्वारा रचित अभिधान राजेंद्र कोष लेकर बैठे थे ।नया बस स्टैंड पर प्रेस क्लब द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया ।शोभायात्रा राजेंद्र भवन पहुंचने पर संगीतकार देवेश जैन और उनकी टीम ने अपनी भक्ति से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया ।कलश स्थापना ,गुरुदेव को काबंली ओड़ाना आदि बोलियो का लाभ लाभार्थी परिवारों द्वारा लिया गया ।अशोक भंडारी ने स्वागत भाषण दिया ,आजाद भंडारी ने अभीधान राजेंद्र कौष की महत्वता बतलाई ।झाबुआ श्री संघ के यशवंत भंडारी ने भी अपना उद्बोधन दिया ।कार्यक्रम में सभी लाभार्थियों का बहुमान किया गया एवं एसडीएम श्रीमती आशा परमार एवं जिला पंचायत सदस्य गायत्री पुरोहित का भी चातुर्मास समिति द्वारा बहुमान किया गया ।पुष्पेंद्र विजय जी महाराज साहब ने अभिधान राजेंद्र कोष की महत्वता आदि पर प्रवचन दिए ।जीतचंद्र विजय जी महाराज साहब ने भी चातुर्मास में धर्म आराधना संबंधी प्रवचन दिए ।प्रातः सकल श्री संघ की नवकारसी शिव वाटिका पर रखी गई एवं दोपहर मैं सकल श्री संघ का स्वामी वात्सल्य ओसवाल धर्मशाला पर रखा गया ।कार्यक्रम का संचालन दीपक जैन ने किया तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे पुरी चातुर्मास समिति की टीम पूरे जोश से लगी हुई थी ।

# नलखेड़ा की धन्य धरा पर.

## श्री पूज्य जिनचंद्रसूरीजी का मंगल प्रवेश हुआ , समाजजनों ने चल समारोह निकाला स्थान - स्थान पर गहूली कर अगवानी की गई गुरुदेव के सानिध्य में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जावेगा

**रणजीत टाइम्स**

नलखेड़ा I नलखेड़ा की धन्य धरा पर श्री पूज्य परंपरा के 40 वें पट्टधर जंगम युग प्रधान वृहद भट्टारक खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब का सोमवार को मंगल प्रवेश हुआ। समाजजनों द्वारा नगर में चल समारोह निकाला गया। स्थान - स्थान पर समाज जनों एवं गुरु भक्तों द्वारा गुरुदेव के समक्ष गहूली कर उनकी भव्य अगवानी की गई। मंगल प्रवेश समारोह में देश के कई स्थानों से आए गुरु भक्तों द्वारा भाग लेकर गुरुदेव श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। खरतरगच्छाधिपति 1008 श्री पूज्य जिनचंद्रसूरिजी म. सा. के दिव्य आनंदमय सानिध्य में प्रथम बार गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 जुलाई को मां बगलामुखी रिसोर्ट में होने जा रहा है। आयोजन में हजारों गुरु भक्त पहुंचकर गुरु भक्ति का परिचय देंगे वहीं श्री पूज्यजी अपने सभी भक्तों को अपना मंगलमय आशीष प्रदान करेंगे। श्री पूज्य परंपरा के 40 वें पट्टधर जंगम युग प्रधान वृहद भट्टारक खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब का 7 जुलाई की प्रातः नागेश्वर तीर्थ से नलखेड़ा नगर आगमन हुआ। जहां मंगल प्रवेश का चल समारोह 9:15 बजे हाई



सेकेंडरी स्कूल के सामने जायसवाल कॉलोनी स्थित दिनेश ताराचंदजी फाफरिया के नवीन निवास स्थान से ढोल ढमाको एवं बैंड बाजा के साथ नगर में निकाला गया। इसके पूर्व फाफरिया परिवार की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम रखा गया।

मंगल प्रवेश के चल समारोह मैं डीजे पर बज रहे गुरुदेव पर आधारित भजन पर युवा वर्ग नाचते एवं झूमते चल रहा था। चंद्रा प्रभु बहु मंड्ल की सदस्याएं ड्रेस कोड में आगे आगे चल रही थी। प्रमुख मार्गो से होता हुआ चल समारोह जिन मंदिर पहुंचा जहां पर गुरुदेव श्री एवं साध्वी मंडल द्वारा चैत्य वंदन कर परमात्मा के दर्शन किए। चल समारोह के दौरान स्थान स्थान पर समाज जनों तथा नगर के गुरु भक्तों द्वारा गुरुदेव के समक्ष पाटले पर अक्षत से गहूली कर अगवानी की गई। जैन आराधना भवन पर गुरुदेव श्री के मंगलमय प्रवचन हुए। गुरुदेव श्री मां बगलामुखी मार्ग स्थित एमबीआर रिसोर्ट में रुकेंगे। जहां आप श्री की पावन निश्रा में 9 जुलाई तक सत्य साधना का कार्यक्रम होगा। 9 जुलाई रात्रि 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक परम गुरु भक्त पिंटू स्वामी की भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है। 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम एमबीआर रिसोर्ट में श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब एवं भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब, यति श्री सुमति सुंदरजी महाराज साहब, आर्या श्री समकित प्रभा श्री जी महाराज साहब के दिव्य आनंद मय सानिध्य में संपन्न होगा। गुरुदेव श्री के आगमन को लेकर पूरे नगर को बैनर एवं पोस्टर से सजाया गया है।

# किशनलाल राठौड के देवलोकगमन पर परिजनों ने किया नेत्रदान, समाजहित में लिया सराहनीय निर्णय

**रणजीत टाइम्स**

रतलाम I शहर के करण नगर (काला गोरा भैरव रोड)निवासी स्व. मदनलाल राठौड़ जावरा वाला के सुपुत्र किशनलाल राठौड के देवलोकगमन के उपरांत उनके परिवार ने एक समाजहितैषी निर्णय लेते हुए उनके नेत्र (कॉर्निया) दान किए नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि परिजनों को यह प्रेरणा समाजसेवी गोपाल राठौड़ पतरा वाला द्वारा दी गई। उन्होंने किशनलाल राठौड की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता राठौड पुत्र जितेन्द्र राठौड,राहुल राठौड एवम परिजनों से संपर्क कर नेत्रदान की महत्ता बताई, जिसे परिवार ने सहर्ष स्वीकार किया। परिजनों की स्वीकृति प्राप्त होते ही 'नेत्रम संस्था' ने बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी. एल. ददरवाल को सूचित किया। सूचना मिलते ही वे अपनी टीम के मनीष



तलाच, मोहनलाल राठौड के साथ तत्परता से रतलाम पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण किया इस अवसर पर नेत्रम संस्था के सेवावीर ललित राठौड एवम राठौड परिवार के स्नेहीजन ,शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# किसानों को 2023 और 24 का बीमा दे सरकार पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह गुर्जर मौकडी

**अंतिम युद्ध - राधे गुरु मोकड़ी**

खाचरोद I जारी विज्ञप्ति में पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने विगत 2023और 24 की किसानों से प्रीमियम तो खातों से काट ली गई किंतु किसानों को उसका क्लेम अभी तक नहीं दिया गया विगत 2 वर्षों से किसान प्रीमियम समय पर चुका रहा है किंतु उसकी खराब फसल का कोई बीमा सरकार की तरफ से उसे नहीं दिया गया जबकि 2023 में सितंबर में फासले खड़ी थी और अत्यधिक वर्षा के कारण खड़ी फसल में अत्यधिक नुकसान हुआ था पानी में खेत पूरी तरह डूब गए थे जिसे शासन प्रशासन ने सर्वे भी किया तथा सांत्वना रूपी कुछ प्रतिशत राहत राशि भी दी गई किंतु किसानों द्वारा चुकाई गई प्रीमियम का कोई बीमा क्लेम उन्हें नहीं मिला अतः हम सरकार से मांग करते हैं कि तत्काल किसानों को विगत दोनों वर्षों की बीमा क्लेम राशि दी जाए अन्यथा किसानो की मांगों को लेकर राज्य स्तर पर पूरे प्रदेश के किसान वर्तमान सरकार का विरोध करेंगे एवं अपनी मांगों को मजबूती से रखेंगे यदि सरकार द्वारा यह मांगे नहीं मानी गई तो किसान उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन और प्रशासन की रहेगी।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 9 जुलाई 2025


# हिंगलाज माता मंदिर पर हुआ पूजन,हुआ भंडारा






**रणजीत टाइम्स**

खेतिया । खेतिया नगर में स्थित देवी हिंगलाज माता मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार मंदिर परिसर निवासी, गली की महिलाओं व बंधुओं एवं भावसार बंधुओ के सयुक्त सहयोग महापूजन कर महा प्रसादी व भंडारा प्रसादी वितरण किया गया जिसमें कन्या भोज भी आयोजित किया गया । महाराष्ट्र स्थित खेडदिगर आश्राम के 500 छात्र - छात्रों को भी विशेष रूप से भोजन प्रसादी हेतु आंमत्रित किया गया था । , गली के निवासी , भावसार समाज खेतिया व पानसेमल , खेतिया नगर के सभी भक्तगण हजारो श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया व हिंगलाज माता के जयकारे लगाए।

## श्रृंगेश्वर महादेव धाम में हर्षो उल्लास के साथ मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा, झकनावदा के एक मात्र साईं मंदिर में भी होगा भंडारे का आयोजन वनरराज रहे के आकर्षण का केंद्र





**रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। झकनावदा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी झाबुआ जिले की प्राचीन तपस्थली श्रृंगेश्वर महादेव धाम में सदगुरू श्री 1008 ब्रह्मलीन महंत श्री काशीगिरीजी महाराज की कृपा से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन 10 जुलाई गुरुवार को आयोजित होगा।

श्री महंत गादीपति रामेश्वर गिरिजी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आषाढ़ सुदी चौदस दिनांक 9 जुलाई बुधवार को रात्रि में गुरु भक्तों के द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही दिनांक 10 जुलाई गुरुवार को प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक गुरु महाराज का महा अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गुरु पूजन एवं महा आरती का आयोजन होगा। बाद दोपहर 01 बजे महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा। स्थान श्री श्रृंगेश्वर महादेव धाम,माही तट झकनावदा (जिला झाबुआ) । क्षेत्र के सभी भक्तों से भंडारा समिति एवं गुरु भक्त मंडल ने अपील की है कि आप समस्त गुरुभक्त अधिक से अधिक संख्या में पधार कर आयोजन को सफल बनाए एवं गुरुभक्ति का परिचय दे।

साईं मंदिर परिसर में होगा भंडारे का आयोजन

झकनावदा - पेटलावद मार्ग पर स्थित प्रकृति की गोद में बसे नगर के एक मात्र सांई मंदिर परिसर में भी गुरु भक्तों द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। सांई समिति के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सांई बाबा की आरती शाम 5 बजे उतारी जाएगी जिसके बाद महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए सुप्रसिद्ध मंकी मेन (वानरराज) भी आ रहे है । जो अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों का मनोरंजन करेंगे। साईं समिति ने अपील की है कि शाम 5 बजे समस्त गुरु भक्ति पूर्णिमा महोत्सव पर अधिक से अधिक संख्या में पधार कर आयोजन को सफल बनाए।

## भंडारी एवं राठौड़ जिला स्तरीय समिति के सदस्य मनोनीत

**रणजीत टाइम्स**





झाबुआ । सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की जिला स्तरीय समिति का गठन कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के आदेश पर विभाग के उपसंचालक पंकज सावले द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के कार्यों के संबंध में 9 सदस्यों की समिति का गठन किया गया जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं साहित्य कार एवं डी. एम. टी. (जिला दिव्यांग केंद्र )के सदस्य डा. यशवंत भंडारी एवं पेन्सर्स एसोसियन के वरिष्ठ नागरिक पेंसनर ऐसोसिएशन केप्रांतीय उपाध्यक्ष रतन सिंह जी राठौर को अशासकीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया, यह समिति विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ वृधा आश्रम संचालन,डी.डी.आर. सी.के कार्यों की भी चर्चा कर निर्णय करेगी

8 जुलाई 2025 को होगी पहली बैठक मा. कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गईं, आभार माना सामाजिक न्याय विभाग की जिला स्तरीय समिति के अशासकिय सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर श्री भंडारी एवं श्री राठौर ने प्रभारी मंत्री विजय शाह, जिले के मंत्री आदरणीय निर्मला भूरिया एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष भानु भूरिया का आभार प्रकट किया कई संस्थाओं ने दी बधाई श्री भंडारी एवं श्री राठौर के जिला स्तरीय सदस्य होने पर जिले की जिले की कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बधाई दी और साथ ही

# मां शबरी के राम कावड़ यात्रा के लिए बैठक संपन्न



## सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाएगी मां शबरी के राम कावड़ यात्रा

**रणजीत टाइम्स**

नालछा । माँ शबरी के राम कावड़ यात्रा के लिए प्रसंग मैरिज गार्डन बगड़ी फाटे पर बैठक संपन्न हुई। यह परंपरागत यात्रा क्षेत्र में सबसे बड़ी कावड़ यात्रा मानी जाती है। इस वर्ष यह कावड़ यात्रा पवित्रश्रावण माह के दूसरे सोमवार को सर्व हिन्दू समाज के द्वारा संत रविदास कुंड काकड़ा खो से अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर बिलोदा खुर्द तक ऐतिहासिक कावड़ यात्रा निकाली जायेगी जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति यो सहित कावड़यात्री शामिल होंगे। बैठक में यात्रा की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की गई साथ ही बिल्लोदा खुर्द में भगवान शिव को जल अभिषेक के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई।

यह जानकारी यात्रा मीडिया प्रभारी विनीत सिंह द्वारा दी गई कावड़ यात्रा का महत्वः- धार्मिक महत्वः कावड़ यात्रा भगवान शिव की भक्ति और जलाभिषेक के लिए निकाली जाती है, लेकिन मां शबरी के राम कावड़ यात्रा का उद्देश्य भगवान राम की भक्ति और उनके प्रति समर्पण को प्रदर्शित करना है।

सांस्कृतिक महत्वः यह यात्रा क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को संरक्षित करने में मदद करती है।

सामुदायिक एकताः कावड़ यात्रा समुदाय के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है।

मां शबरी की कथाः मां शबरी भगवान राम की अनन्य भक्त थीं। उनका उल्लेख रामायण में भगवान राम के वन-गमन के समय मिलता है। शबरी को भगवान राम के प्रमुख भक्तों में गिना जाता है। अपनी कथा के माध्यम से, मां शबरी हमें भक्ति और समर्पण के महत्व को समझाती हैं।

# झाबुआ पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे को भावभीनी विदाई

रणजीत टाइम्स




झाबुआ। झाबुआ जिले में तीन वर्षों से अधिक सेवाएं देने के पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे का स्थानांतरण जिला सतना हो जाने पर पुलिस विभाग द्वारा उनके सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह पुलिस लाइन झाबुआ स्थित सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने की। समारोह में जिले की वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत संगीत प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने अपनी संगीत कला प्रतिभा का परिचय दिया। गीत-संगीत और भावनात्मक शब्दों के माध्यम से उपस्थितजनों ने एएसपी महोदय के साथ बिताए गए क्षणों को साझा किया। जिला कलेक्टर महोदया श्रीमती नेहा मीना ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्री प्रेमलाल कुर्वे एक ऐसे अधिकारी रहे हैं जिनके कार्यकाल में कभी कोई नकारात्मक चर्चा सुनने को नहीं मिली। उन्होंने चुनाव ड्यूटी से लेकर लॉ एंड ऑर्डर की स्थितियों को अत्यंत कुशलता से संभाला और आमजन में विश्वास अर्जित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री कुर्वे ने हमेशा गंभीर परिस्थितियों में भी संयमित और सरल व्यवहार बनाए रखा। उनके कार्य में रणनीतिक दृष्टिकोण और अनुशासन स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि झाबुआ पुलिस की ओर से मैं उन्हें एवं उनके परिवार को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। इस भावुक अवसर पर स्वयं श्री प्रेमलाल कुर्वे ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि झाबुआ जिले की सादगी और यहां की संस्कृति ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, "यहां के लोग बेहद सरल और सहयोगी हैं। यह स्थान मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान बनाए रखेगा। हालांकि स्थानांतरण सेवा का हिस्सा है, फिर भी झाबुआ छोड़ने का दुख अवश्य है।" समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे – श्रीमती मधुलिका शुक्ल, जिला पंचायत मुख्य




कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, समस्त एसडीएम, समस्त एसडीओपी, उप पुलिस अधीक्षक श्री गिरीश कुमार जेजुरकर, रक्षित निरीक्षक श्री अखिलेश राय, समस्त थाना प्रभारी, कार्यालयीन स्टाफ, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी।

## नागदा जर्नलिस्ट क्लब द्वारा सी, ए,आकाश बौहरा का किया सम्मान

रणजीत टाइम्स



नागदा। राजा जनमेजय की नगरी नागदा में जैन समाज का नाम रोशन करने वाले आकाश बौहरा का नागदा जर्नलिस्ट क्लब के संस्थापक अध्यक्ष संचालक राजेश सकलेचा,,, भाईजी, जितेंद्र चौहान, जीवन लाल जैन,,चाय वाले, दिनेश सोलंकी, गगन बौहरा द्वारा फूलों का गुलदस्ता, व माला, व मीठा मुंह कराकर शुभ कामनाएं दी कौन कहता हैं। आसमान में छेद नहीं होता,,, एक पत्थर तो ज़ोर से उछालो यारों,,, यहीं चरितार्थ किया है नागदा नगर के बृजेश बौहरा के सुपुत्र आकाश बोहरा ने,सी ० ए ० में प्रचम लहराकर नागदा का गौरव व जैन समाज का नाम ऊंचा किया है।उनके निवास स्थान पर जन मान्य नागरिकों एवम् जैन समाज के कई पदाधिकारियों द्वारा बधाई देने पहुंचे। सी, ए , आकाश बौहरा ने सभी समाज जन का आभार मानते हुए कहा की में अपना

## औदीच्य समाज अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप रावल को भ्रातृ शोक डॉ. सुनील रावल के देवलोकगमन पुष्पांजलि सभा आयोजित

नागदा। स्वर्गीय डॉ. सत्यनारायण जी रावल नागदा जं. के सुपुत्र एवं डॉ रमेश चंद्र रावल के भतीजे, डॉ. प्रदीप रावल औदीच्य समाज नागदा अध्यक्ष के अनुज तथा आनंद रावल के पूज्य पिताजी डॉ. सुनील रावल का अस्वस्थता के चलते इंदौर में देवलोकगमन दिनांक 4 जुलाई 2025 को हो गया है। पूर्व में उन्होंने अपने गृह नगर नागदा में कई वर्षों तक क्लिनिक तथा शिक्षण संस्था का भी संचालन कर सेवाएं प्रदान की थी। निधन के समाचार से नागदा समाज एवं स्नेही जनों में शोक व्याप्त हुआ। 7 जुलाई, रात्रि 8 बजे से प्रकाश नगर स्थित समाज की धर्मशाला में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में समाज जन, नगर के चिकित्सक, इष्ट मित्र, स्नेही जन, युवा संगठन एवं पारिवारिक सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गईं। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।



## पुलिस कमिश्नर इंदौर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर, की उनके कार्यो की सराहना।

रणजीत टाइम्स

इंदौर। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान मे रखते हुए, इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन मे साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, जिन्होंने पुलिसिंग के अपने कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतगर्त मंगलवार को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाईन मे प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर "ए" ग्रेड प्राप्त करने में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 19 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (का./व्य.) अमित सिंह व उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

पुरस्कृत पुलिसकर्मी-

- कार्य. प्रआर संतोष कुमार प्रजापति, कार्य. प्रआर प्रेम द्विवेदी - कार्यालय अति. पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) नगरीय इंदौर लेवल-3
- नगरीय पुलिस जोन 1 में – कार्य. सउनि राजकुमार सिंह (थाना- सदर बाजार), म.प्रआर संगीता रावत (थाना- गांधीनगर)
- नगरीय पुलिस जोन 2 में - आर. कृष्णकांत दुबे (थाना – कनाडिया), . म.आर लक्ष्मीराजा परमार (थाना कनाडिया)
- नगरीय पुलिस जोन 3 में - . कार्य. सउनि विजय कुमार मिश्रा (थाना हीरानगर), 2. कार्य.प्रआर आशीष दांगी (थाना पलासिया), . आर लक्ष्मण सिंह चौहान (थाना संयोगितागंज), 4. आर. अवधेश दीक्षित (थाना कोतवाली), 5. आर. राजेंद्र जोशी (कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-3)

नगरीय पुलिस जोन 4 में . कार्य. सउनि भारत सिंह ठाकुर ( थाना जूनी इंदौर), . कार्य.प्रआर विजय कटारे (थाना



अन्नपूर्णा), 3. कार्य.प्रआर धर्मेंद्र यादव (थाना भंवरकुआ), 4. कार्य.प्रआर सोनू कुशवाह (थाना रावजी बाजार), 5. आर मुकाम सिंह बघेल (थाना सराफा), 6. आर ऋषिराज तिवारी (थाना छत्रीपुरा), 7. आर अभिषेक राठौर (कार्य.पुलिस उपायुक्त जोन 4)

आर अरविंद कुमार सिंह थाना अजाक

# आलोट विधायक के मंडी प्रतिनिधि कान्हा धाकड़ की मौत शंका के दायरे में

## खजुरिया से जन्मदिन की पार्टी से लौटे थे, घर पहुंचने वाले थे और मौत हो गई

## ग्रामीणों ने चौकी पर किया प्रदर्शन , सीएसपी ने संभाला मोर्चा, मामला किया ठंडा

**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। शिरीष सकलेचा आलोट विधानसभा के विधायक चिंतामणि मालवीय के कृषि उपज मंडी प्रतिनिधि कान्हा धाकड़ की सोमवार रात मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। धाकड़ सोमवार रात खजुरिया में भाजपा नेताओं के जन्म दिन की पार्टी मनाकर लौटे थे। रात 10.47 बजे केरवासा तक वे पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह दादू,शिवनारायण धाकड़ के साथ कार में आए थे। उसके बाद वे अपनी बाइक जो कि केरवासा में रखी थी उसको लेकर अपने गांव सरसी को ओर निकले। थोड़ी दूर पर ही वे सड़क पर पड़ी मुहरम के यहां मृत पड़े मिले। यह घटना लगभग 10.51 बजे की बताई जा रही। रास्ते से एक युवा बाइक से निकल रहा था उसने यह देखा तो अपने परिचित को सरसी में फोन लगाया ।फिर वे लोग यहां देखने आए ।इसके बाद पता चला कि यह कान्हा धाकड़ है ।परिजनों को सूचना दी। महेन्द्र सिंह, ग्रामीण आदि घटना स्थल पहुंचे। जहां उन्हें मृत अवस्था में पाया। पुलिस को जानकारी दी।जावरा शासकीय चिकित्सालय ले गए। वहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रतलाम भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक के सिर पर काफी चोट आई हैं। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। डॉग स्क्वॉड टीम भी घटना स्थल पर पहुंच चुकी थी। बाइक का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हुआ।

**कान्हा की मौत से हर तरफ शोक व आक्रोश....**

कान्हा धाकड़ की मौत को वैसे एक एक्सीडेंट बताया जा रहा है। लेकिन उनके परिजन व ग्रामीण इसे उनकी हत्या करना बता रहे है। बता दे 23जून की रात्रि में 9 बजे उनका गांव के ही शहजाद शाह आदि से जमकर विवाद हुआ था।उसके बाद कान्हा ने ग्रामीणों के साथ एसपी को रतलाम जाकर दोनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया था। उनकी जमानत भी हो गई थी। इस विवाद के चंद दिनों बाद हुई इस तरह की मौत को परिजन व ग्रामीण मर्डर करार दे रहे है।

**शव को रखा चौकी के सामने ,किया प्रदर्शन....**

सरसी चौकी पर बड़ी संख्या में लोग प्रातः 11.30 बजे लोग जमा हो गए। नारेबाजी कर सड़क पर बैठ धरना दिया। घटना की न्यायायिक जांच की मांग की। सीएसपी दुर्गेश आर्मी यहां पहुंचे। उन्होंने घटना की पूरी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।उसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा हुआ शांत हुआ । फिर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। विधायक चिंतामणि मालवीय, मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा, नेपाल सिंह डोडिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, रामविलास धाकड़, जितेंद्र हिंगड आदि कई नेता , पार्टी पदाधिकारियों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुत्र अजय ने मुखाग्नि दी। विधायक ने शोक सभा में कहा कि कान्हा भाई एक सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनका निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है।









**भाजपा से जुड़े है मृतक कान्हा...**

मृतक कान्हा पिछले कई वर्षो से भाजपा की राजनीति कर रहे है। वे पूर्व मंत्री स्व. मनोहर ऊंटवाल के करीबी रहे थे। वर्तमान में वे मंडी में विधायक प्रतिनिधि थे। संघटन में भी कई पदों पर थे। दो बार सरपंच का चुनाव भी लड़ा। इस बार मंडल अध्यक्ष की दौड़ में भी वे शामिल थे।

**बिलख बिलख कर रो रहे थे...**

पुलिस चौकी पर रखे शव के सामने कहा धाकड़ के परिजन बिलख बिलख कर रो रहे थे। बुजुर्ग माता पिता के भी हाल बेहाल हो रहे थे।

**पुलिस करेगी बारीकी से जांच...**

इस घटना का खुलासा करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया हैं। पुलिस सूत्र बताते है कि कान्हा व अन्य लोगों के फोन की काल डिटेल्स चेक की जाएगी। बताया जा रहा की पिछले दिनों हुए विवाद के बाद कान्हा से लेनदेन कर समझौते के भी प्रयास किए गए थें। यदि शहजाद इतने दिनों तक गांव में सट्टा, अवैध वसूली, लव जिहाद, ब्याजखोरी कर रहा था तो लोग चुप क्यों रहे? क्या उसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था? सारी बातों का खुलासा पुलिस की जांच सामने आने के बाद ही होगा।

**इनका कहना है...**

सरसी के कान्हा धाकड़ की मौत कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है। जांच गठित कर दी हैं ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वस्तुस्थिति का पता चलेगा। यदि इनकी हत्या की गई तो दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।

अमित कुमार, एसपी, रतलाम

दस दिन पहले मेरे पिताजी का गांव के शहनाज शाह से विवाद हुआ था। उनके साथ मारपीट हुई थी। हमें उन्हीं पर शंका हैं। यह हत्या हुई हैं।

अजय धाकड़, मृतक का पुत्र

यह घटना शंका के दायरे में आ रही है क्योंकि उनका कुछ दिन पूर्व पैसों को लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। उसके पश्चात उन्हें धमकी दी गई थी। धमकी के आधार पर कन्हैयालाल ने पूर्व में चार दिन पूर्व पुलिस चौकी पर मारने की धमकी का एक आवेदन दे दिया गया था। इससे यह प्रतीत होता है कि यह घटना शंका के दायरे में आती है ।प्रशासन अपना काम कर रहा है और हमें प्रशासन पर पूरा विश्वास है की दूध का दूध और पानी का पानी करेंगे।

रामविलास धाकड़, युवा धाकड़ महासभा प्रदेश अध्यक्ष धाकड़ समाज

---

# सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत किया गया थाना परिसर का आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण

- एनटीपीसी प्लांट, विधायक निधि व जनसहयोग के माध्यम से कराया गया थाना परिसर मे निर्माण
पुलिस कर्मचारियों के लिए बनाया गया ग्रीन गार्डन, बैडमिंटन कोर्ट व ओपन जिम

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन सामुदायिक पुलिसिंग के प्रभावी प्रयोग के अंतर्गत थाना बेड़िया परिसर मे स्थानीय एनटीपी सी प्लांट के सहयोग से एवं जनसहयोग तथा विधायक निधि के माध्यम से पुलिस बल के लिए आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण कराया गया । इस निर्माण कार्य मे थाना परिसर मे थाने के पिछले हिस्से में बाउंड्री वॉल, 02 विवेचक कक्ष, थाना प्रभारी कक्ष साथ ही पुलिस कर्मचारियों के लिए ग्रीन गार्डन, बैडमिंटन कोर्ट व ओपन जिम का मंगलवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक सचिन बिरला, पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना की गरिमामय उपस्थिति मे लोकार्पण किया गया। इस निर्माण कार्य मे NTPC प्लांट के द्वारा 21,00,000/- रुपये, विधायक निधि से 9,00,000/- एवं जनसहयोग द्वारा 1,00,000/- रुपये की राशि का उपयोग कर आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण किया गया।



## जनसुनवाई में आये 56 आवेदन

रणजीत टाइम्स

बड़वानी । जनसुनवाई में कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने जनसुनवाई करते हुये 56 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में ग्राम चिचल्या निवासी रामबाई ने आवेदन देकर बताया कि वे 80 प्रतिशत विकलांग है। कही पर आने-जाने में दूसरे का सहारा लेना पड़ता है। जिससे उनको काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इसलिये मुझे शासन के नियमानुसार एवं मेरी परेशानियो को समझते हुये यदि मुझे मोटराइज्ड ट्रायसिकल मिल जाये तो वे उन्हें आने-जाने में परेशानियो का सामना न करना पड़ेगा । साथ ही मुझे अभी तक किसी प्रकार का आवास का लाभ भी नहीं मिल पाया है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने आवेदन को सामाजिक न्याय विभाग में भेजकर आवेदक को हर संभव सहायता प्रदान की जाये एवं आवास हेतु संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदक को बताया गया कि उनका नाम सूची में जुड़ा हुआ है, जिसमें पात्रतानुसार लाभ प्रदान किया जायेगा । जनसुनवाई में ग्राम पानसेमल निवासी संतोष चौहान ने आवेदन देकर बताया कि उनके पिताजी नगर परिषद पानसेमल में राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्य करते हुए 24 जून 2024 को उनका स्वर्गवास हो गया था। पिता की मृत्यु के पश्चात् उन्होने अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन तथा शासन से मिलने वाली सहायता राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया परन्तु आवेदन पर अभी तक कोई सुनवाई नही हुई है। अतः उनकी माताजी की पेंशन प्रारंभ करवाते हुए उन्हे अनुकंपा नियुक्ति दिलवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने आवेदन को सीएमओ पानसेमल को भेजकर निराकरण हेतु निर्देशित किया।



जनसुनवाई कर रही कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने अन्य आवेदनो को सम्बंधित अधिकारीयो को भेजकर निराकरण हेतु निर्देशित किया।

## मोहनखेड़ा गुरुधाम तीर्थ दहाणु में बंधु बेलड़ी का हुआ भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश

रणजीत टाइम्स



परोपकार सम्राट मोहनखेडा महातीर्थ विकास प्रेरक गुरूदेव आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी म.साहेब के आज्ञानुवर्ति शिष्य बंधु बेलडी तपस्वी मुनिराज श्री पीयूषचन्द्र विजयजी एवं मुनिराजश्री रजतचन्द्र विजयजी का विराट जन मैदनी के बीच वाजते गाजते साजन महाजन के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जिसे निहार कर हजारों आंखें धन्य बनी।तीर्थ के मुख्य मार्ग पर सैकड़ो गुरु भक्तों का हुजुम उमड पड़ा जय जयकारों के साथ हर्ष उमंग मे नाचते झुमते हुए रंग-बिरंग साफा पहने हुए एवं नजदीकी क्षेत्र के श्रीसंघों के पांच महिला मंडल ड्रेस कोड में मंगल कलश जैन ध्वज अष्टम मंगल एवं विविध चित्र लेकर तथा भक्ति करते हुए चल रहे थे मानो एक विराट शोभा यात्रा पार्श्वनाथ दादा एवं राजेंद्र सुरिजी दादा के मिलन की प्रतीक बनी। विराट वाटरप्रूफ पंडाल में धर्मसभा का शुभारंभ हुआ। गुरु वंदन व मंगलाचरण किया गया। कमाठीपुरा नमिनाथ श्रीसंघ के साथ अतिथि लाभार्थी एवं ट्रस्ट मंडल द्वारा दीप प्रगट एवं माल्यार्पण किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मनो निग्रह तप सूत्र के साथ मुनिश्री रजतचंद्र विजयजी ने अपना वक्तव प्रारंभ किया। उन्होंने कहा जो व्यक्ति मन को नियंत्रित कर सकता है वही जीवन का उद्धार कर सकता है। मन रुपी सुई को संभालने के लिए धर्म का धागा उसमें डालना जरूरी है। कर्म के कर्ज से मुक्त होने के लिए चातुर्मास आता है आप भी इस सुरम्य क्षेत्र में साधना आराधना कर आत्म कल्याण करें ।सप्तम वर्षीतप तपस्वी मुनिराज श्री पीयूषचन्द्र विजयजी म.सा.ने इस चातुर्मास में होने वाली विविध आराधना व अनुष्ठान में जुड़ने का विशेष आग्रह किया। साथ ही प्रतिदिन उवस्सग्गहरं एवं भक्तामर स्तोत्र के द्वारा अभिषेक होगा जिनका लाभ भक्तों को बिना नकरे के सुगमता से प्राप्त होगा। तपस्वी मुनिश्री ने कहा कि मै गुरु पूर्णिमा से 68 दिन मोन रहकर वर्धमान विघा महासाधना मे रहूंगा।इस मौके पर गुरुपूजन का लाभ भीनमाल निवासी नेमीचंदजी संघवी को मिला। श्री राजेन्द्र ऋषभ वत्सला वाटिका मंडप का लाभ सादड़ी (राज) निवासी राकेश कुमारजी पुनमिया को नवकारसी का लाभ नैनावा नि. जावतराजजी अचलाजी छाजेड़ मुंबई को चातुर्मास प्रवेश एवं स्वामीवात्सल्य का लाभ भीनमाल के संजयजी दोशी परिवार भाईन्दर को मिला। कार्यक्रम का सफल संचालन मिलापजी पांथेडी मलाड वाले एवं भक्ति धारा हितेश जी घोलवड़ वालों ने की। 10/07/2025 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा।

मुंबई कमाठीपुरा संघ भयंदर वसई मलाड गोरेगांव दहिसर बोरीवली ठाणा दादर ताडदेव घोलवड दहाणु गांव दहाणु स्टे. सावटा वानगांव बोरडी उमरगांव संजान वापी भिलाड पालघर बोईसर पुणे आक्रुडी,म.प्र.से इंदौर झाबुआ राजगढ़ टांडा जिनके आदेश दिए गए गुरु पूर्णिमा महोत्सव, पर्युषण महापर्व आराधना नेमिनाथ जन्म कल्याणक उत्सव, पार्श्वनाथ तेला,अठुमतप, नव दिवसीय नवकार आराधना, खीर एकासना,दिपक एकासना आदि।

### इन अतिथि का हुआ बहुमान

घेवरजी देवडा मुंबई,रणमलजी गांधी मुथा धुमडिया,नेमिचंदची संघवी भीनमाल मुंबई, डुंगरजीरांका भीनमाल मुंबई, मगराज जी पुनमीया भूति मुंबई, मांगीलालजी गांधी मुथा मुंबई, सुभाषजी कोठारी झाबुआ,पीयूषभाई शाह मुंबई, संजयजी पालेरेचा सियाणा शोरापुर,अशोक भाई सातम ग्रुप प्रमुख,गिरीश भाई भूति पप्पू भाई गादिया टांडा, रोहित भाई जैन भायंदर केवल भाई जोगीलालपी पावा,जवंरचंदजी कांगरेसा सीलवासा, हितेश भाई मेहता खिमेल,मुकेश भाई वोहरा भीनमाल मुंबई खिमजी भंसाली बागोडा मुंबई,जितु भाई भंशाली बागोडा मुंबई,प्रवीण भाई पुणा,दिलीयजी पारेख पुणा, विक्की भाई दोसी भीनमाल, कपिल भाई पंडितजी बांसवाड़ा मुकेश भाई सेठ भीनमाल मुंबई, कुशलजी भंसाली अपरठाणा, इन सभी का बहुमान ट्रस्ट मंडल एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष राकेश जी पूनमिया ने किया इन्हें मिला आरती का लाभ प्रभु आरती सुभाष जी कोठारी झाबुआ, मंगल दीपक रोहित भाई भयंदर, गुरुदेव की आरती रमेश कुमारजी ओटरमलजी बागरा।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स